# कार्यालय उप निदेशक, सूचना, झांसी मण्डल, झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम........ दैनिक अमर उजाला झाँसी (उ0 प्र0) दिनांकः 30 OCT 2014

# शहर को स्वच्छ बनाने का प्रयास

## पार्षद व गणमान्य नागरिकों के मोबाइल नंबर लेंगे आयुक्त

झांसी। मंडलायुक्त के राममोहन राव स्वच्छता को लेकर बेहद गंभीर हैं। उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए क्षेत्रीय पार्षद और गणमान्य नागरिकों के मोबाइल नंबर संकलित करने का निर्णय लिया है, ताकि लोगों से सफाई व्यवस्था को लेकर फीडबैक मिलता रहे। वह उसी आधार पर कार्रवाई भी करेंगे।

नगर निकायों की बैठक में मंडलायुक्त ने स्वच्छता में लापरवाही बरतने वाले अफसरों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया था। उन्होंने स्वच्छता के फोटोग्राफ लेने पर विशेष जोर दिया है। साथ ही फर्जी फोटोग्राफी पर भी नजर रखने का निर्णय लिया है। उनका मानना है कि अफसर फोटोग्राफी में गड़बड़ी कर सकते हैं, इसलिए उन्होंने क्षेत्रीय पार्षदों और गणमान्य नागरिकों का नेटवर्क तैयार करने का निर्णय लिया है। एक तरह से पूर्व में मंडलायुक्त रहे सत्यजीत ठाकुर के समय गठित किए गए सुजान समूह के ही स्वरूप में वह होंगे, लेकिन इसमें उन चाटुकार लोगों से दूरी बनाई जाएगी, जो पूर्व मंडलायुक्त के यहां अपना नाम चमकाने में लग गए थे। मंडलायुक्त अपने पास पार्षद और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक का मोबाइल नंबर रखेंगे तथा उस नंबर पर सफाई, बिजली, पानी और सड़क की सुविधाओं को लेकर फीडबैक लेंगे। वह फीडबैक लेने के बाद उक्त कार्य का सत्यापन करेंगे तथा इसके लिए जरूरत पड़ी तो वह फील्ड विजिट भी करेंगे। गौरतलब है कि मंडलायुक्त सफाई को लेकर काफी गंभीर हैं, उन्होंने समीक्षा बैठक में स्पष्ट कर दिया है कि वह व्यवस्था से किसी तरह का समझौता नहीं करेंगे। (ब्यूरो)

> सफाई को लेकर लेंगे फीडबैक, फिर होगी कार्रवाई

### कैमरे की रिपोर्ट होगी महत्वपूर्ण

झांसी। मंडलायुक्त ने फोटोग्राफी कराने पर विशेष जोर दिया है। इसके लिए उन्होंने कैमरे खरीदने को भी कहा है, ताकि इसका निरीक्षण पर बेहतर असर पड़े। वह सफाई के फोटोग्राफ तो चेक करेंगे ही, उक्त सफाई स्थल की क्रास चेकिंग भी करेंगे, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### बायोमैट्रिक अटैंडेंस मशीन लगेगी

झांसी। कर्मचारी समय पर कार्यालय आएं, इसके लिए मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील, नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों के सभी कार्यालयों में बायोमैट्रिक अटैंडेंस मशीन लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अटैंडेंस मशीन से प्रत्येक पंद्रह दिन की रिपोर्ट संबंधित विभागों से मांगी जाएगी, फिर उसमें देखा जाएगा कि कौन सा कर्मचारी देर से कार्यालय आ रहा है। उन्होंने कहा कि देर से कार्यालय आने वाले कर्मचारियों की उपस्थिति के घंटे जोड़े जाएंगे, उसी हिसाब से वेतन का भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि समय से कार्यालय नहीं पहुंचने वालों पर अंकुश लगाया जाएगा।

जिलाधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी।

# कार्यालय उप निदेशक, सूचना, झांसी मण्डल, झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम ........ दैनिक जागरण झाँसी (उ0 प्र0) दैनिक जन सेवा मेल झाँसी। दिनांक: 30 OCT 2014

## मण्डलायुक्त को होगी हर मोहल्ले की ख़बर

- तीनों जनपदों के समस्त पार्षदों के माँगे मोबाइल नम्बर्स
- हर वॉर्ड के दो गणमान्य नागरिकों के सम्पर्क नम्बर भी होंगे
- साफ़-सफ़ाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति की लेंगे रिपोर्ट

झाँसी : किस मोहल्ले में गन्दगी फैली है, कहाँ पेयजल या विद्युत आपूर्ति गड़बड़ाई है- मण्डलायुक्त को इसकी ख़बर फोन से ही मिल जाएगी। अफसरों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली रिपोर्ट्स का सत्यापन भी वे इन्हीं नम्बर्स को डायल कर करेंगे।

बड़ा क्षेत्र होने के कारण सभी जनपदों पर नज़र रखने में कठिनाई होना स्वाभाविक है। मण्डलायुक्त के. राममोहन राव ने इसके लिए नया फॉर्मूला ढूँढ लिया है। उन्होंने तीनों जनपदों की समस्त निकायों के पार्षदों के मोबाइल नम्बर्स माँगे हैं। इसके साथ ही प्रत्येक वॉर्ड के दो-दो गणमान्य नागरिकों के सम्पर्क नम्बर भी लिए जा रहे हैं।

### सुजान समूह की तर्ज़ पर होगा काम

जनता की समस्याओं को जानने की ऐसी ही व्यवस्था तत्कालीन मण्डलायुक्त सत्यजीत ठाकुर ने भी की थी। उन्होंने सुजान समूह का गठन किया था, जिसमें प्रत्येक वॉर्ड के पार्षद, पूर्व पार्षद व गणमान्य नागरिकों को शामिल किया गया था। समय-समय पर मण्डलायुक्त बैठक आयोजित कर सुजान समूह के माध्यम से लोगों की समस्याएं जानते थे और उनका निराकरण करते थे। अब की जाने वाली व्यवस्था इससे मिलती-जुलती तो है, लेकिन नई व्यवस्था का विस्तार अधिक किया गया है।

## पार्षद और गणमान्य नागरिक होंगे सफाई दूत

- मंडलायुक्त ने तलब की फोन नंबरों की सूची
- गंदगी की सूचना बड़े अफसर को देंगे

झांसी। स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत की परिकल्पना साकार करने के लिए मंडलायुक्त ने क्षेत्रीय पार्षदों को अहम जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें क्षेत्र में गंदगी मिलने और नियमित सफाई न होने की जानकारी देने के लिए अधिकृत किया गया है। इसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को भी सहयोगी की भूमिका सौंपी गई है।

प्रधानमंत्री ने देश भर को साफ-सुथरा रखने के लिए व्यापक अभियान चलाया है। मंडलायुक्त के राममोहन राव ने इसे प्रभावी बनाए रखने के लिए नगर निगम, नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के पार्षदों को जोड़ने का निर्देश दिया है। उनके मोबाइल नंबर एकत्र किए जा रहे हैं, ताकि समय-समय पर उनसे उनके क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के बारे में जानकारी ली जा सके। हर वार्ड के दो-दो गणमान्य नागरिकों के भी मोबाइल नंबर मांगे जा रहे हैं, जो सीधे मंडलायुक्त को अपने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के बारे में बताते रहेंगे। यही नहीं, उनके क्षेत्र में पेयजलापूर्ति की स्थिति के बारे में भी मंडलायुक्त के दूत जानकारी देते रहेंगे। मंडलायुक्त ने सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई कराने के निर्देश देते हुए अपने दूतों से नजर रखने को कहा है।

कैमरे में कैद होगी सफाई व्यवस्था : जनता से जुड़े विभागों व सभी नगर निकायों को मंडलायुक्त ने कैमरे खरीदने के निर्देश दिए हैं। यह विभाग अपने कार्यालय में होने वाली सफाई की फोटो खींचकर तारीख, समय व टिप्पणी के साथ साफ्ट कापी में लोड करेंगे। यह सीडी मंडलायुक्त के पास भेजी जाएगी। वे फोटो के आधार पर सफाई की समीक्षा करेंगे। मंडलायुक्त ने तत्काल आदेश पर अमल करने को कहा है।

आयुक्त महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

आयुक्त
झाँसी मण्डल, झाँसी